नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

माननीय महोदय/महोदया

महात्मा गांधी जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह की सूचना का अवलोकन करने का कष्ट करें।

सादर ।

हिंदी विश्वविद्यालय में गांधी जयंती के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 150वीं जयंती के अवसर पर गांधी हिल पर सुबह 6.30 से 8.30 बजे तक प्रार्थना सत्र का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र करेंगे। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में गांधीग्राम ग्रामीण विश्वविद्यालय, तमिलनाडु के पूर्व कुलपति, टी. करूणाकरण उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. नृपेन्द्र प्रसाद मोदी तथा सर्वधर्म प्रार्थना फ्यूजी गुरूजी सामाजिक कार्य अध्ययन केंद्र के निदेशक प्रो. मनोज कुमार करेंगे।

इसके उपरांत सुबह 10.30 बजे संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र करेंगे। इसका विषय 'हिंसा के विविध पक्ष एवं गांधी' है। इस सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व प्रोफेसर एमेरिटस,आईआईआईटी, हैदराबाद प्रो. नंदिकशोर आचार्य तथा विशिष्ट वक्तव्य के रूप में स्कूल ऑफ लिबरल स्टडीज, अंबेडकर विश्वद्यालय,दिल्ली प्रो. सलित मिश्र उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम सत्र का संचालन सहायक प्रोफेसर डॉ. राकेश कुमार मिश्र करेंगे। दूसरा सत्र का विषय'गांधी जीवन दृष्टि एवं प्रयोग' है। इस सत्र की अध्यक्षता परमधाम आश्रम, वर्धा के श्री गौतम बजाज करेंगे। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में वरिष्ठ पत्रकार, दिल्ली के श्री आनंद मोहन तथा विशिष्ट वक्ता के रूप में सेवाग्राम मेडिकल कॉलेज डॉ. उल्लास जाजू उपस्थित रहेंगे। सत्र का संचालन सहायक प्रोफेसर डॉ. धूपनाथ प्रसाद करेंगे।

तिसरे सत्र का विषय 'गांधी दर्शन के विविध पक्ष' है। इसकी अध्यक्षता प्रतिकुलपति प्रो. आनंद वर्धन शर्मा करेंगे। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में मुजफ्फरपुर के प्रो. प्रमोद कुमार, प्रो. मनोज कुमार तथा प्रो. नृपेंद्र प्रसाद मोदी उपस्थित रहेंगे। सत्र का संचालन सहायक प्रोफेसर डॉ. चित्रा माली करेंगी। चौथे सत्र का विषय 'गांधी एवं समकालीन समय' है। सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. गिरीश्वर मिश्र करेंगे। मुख्य वक्ता के रूप में गांधी विचार परिषद, वर्धा के प्रो. आर. सी. प्रधान तथा विशिष्ट वक्तव्य वरिष्ठ पत्रकार,दिल्ली के श्री अरूण कुमार त्रिपाठी उपस्थित रहेंगे। सत्र का संचालन सहायक प्रोफेसर डॉ. मनोज कुमार राय करेंगे। इसके उपरांत शाम 6.15 से 7 बजे तक प्रदर्शनकारी कला विभाग द्वारा लघु नाटिका का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने की अपील विश्वविद्यालय की ओर से की गयी है।